**PRESS RELEASE**
For Immediate Use

**POWERGRID conferred with PMIS Recognition of Partner Company Award in the 'Innovation in Exit Pathways' category**

Gurugram: Power Grid Corporation of India Limited (POWERGRID), a Maharatna PSU under Ministry of Power was conferred with PMIS Recognition of Partner Company Award under the category 'Innovation in Exit Pathways' on Friday, 14th August 2026. The award was received by Dr. Yatindra Dwivedi, Director (Personnel) along with Sh. B. K. Mundu (ED-HRD) and team from Dr. Pallavi Jain Govil, Secretary (MCA) in the presence of Sh. Anshuman Patnaik, Additional Secretary and Sh. D. Balamurugan, Joint Secretary in the ceremony held by Ministry of Corporate Affairs at India Habitat Centre, New Delhi.

The Prime Minister Internship Scheme (PMIS) was launched in December 2024 and POWERGRID has joined as a partner company in this prestigious scheme on pan India basis. Till December 2025, POWERGRID has actively participated in both the Pilot Rounds 1 & 2 and offered a total of 6,265 internship opportunities under PMIS.

To provide better employment opportunities, POWERGRID has facilitated in coordination with Sector Skill Council i.e. Power Sector Skill Council (PSSC), uploaded the details of all PMIS interns, who have undergone training in POWERGRID, in the Rozgaar portal of PSSC and all the agencies working in the field of power transmission have been informed suitably about the exit pathways . This also covers candidates undergoing Apprentices training under Apprenticeship Act 1961 and skill Development initiative of POWERGRID in the area of Power transmission line Tower Erection & Stringing.

As of 31st July 2026, POWERGRID has commissioned and is operating 292 Sub-Stations and more than 1,86,889 ckm transmission lines and 6,37,016 MVA of transformation capacity. With the adoption of the latest technological tools and techniques, enhanced use of automation and digital solutions, POWERGRID has been able to maintain an average transmission system availability of more than 99.84%.

*Issued By*
*Team Corporate Communications*
*powergrid.pr@powergrid.in*

**प्रेस विज्ञप्ति**
**तत्काल उपयोग के लिए**

# पावरग्रिड को 'इनोवेशन इन एग्जिट पाथवेज' श्रेणी में PMIS पार्टनर कंपनी अवार्ड से सम्मानित किया गया

गुरुग्राम: विद्युत मंत्रालय के अधीन महारत्न सार्वजनिक उपक्रम पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड) को शुक्रवार, 14 अगस्त 2026 को 'इनोवेशन इन एग्जिट पाथवेज' श्रेणी में PMIS रिकग्निशन ऑफ पार्टनर कंपनी अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार डॉ. यतींद्र द्विवेदी , निदेशक (कार्मिक) ने श्री बी. के. मुंडू, कार्यकारी निदेशक (मानव संसाधन विकास) एवं उनकी टीम के साथ डॉ. पल्लवी जैन गोविल, सचिव (कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय) से प्राप्त किया। इस अवसर पर श्री अंशुमान पटनायक, अपर सचिव तथा श्री डी. बालामुरुगन, संयुक्त सचिव भी उपस्थित रहे। यह समारोह कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित किया गया।

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) का शुभारंभ दिसंबर 2024 में किया गया था और पावरग्रिड इस प्रतिष्ठित योजना में देशभर में पार्टनर कंपनी के रूप में शामिल हुआ है। दिसंबर 2025 तक, पावरग्रिड ने पीएमआईएस के पायलट राउंड 1 एवं 2 में सक्रिय रूप से भाग लिया तथा योजना के तहत कुल 6,265 इंटर्नशिप अवसर प्रदान किए।

बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से, पावरग्रिड ने पावर सेक्टर स्किल काउंसिल (पीएसएससी) के साथ समन्वय करते हुए पावरग्रिड में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी पीएमआईएस इंटर्न्स का विवरण पीएसएससी के रोजगार पोर्टल पर अपलोड किया है। साथ ही, विद्युत पारेषण के क्षेत्र में कार्यरत सभी संबंधित एजेंसियों को इन इंटर्न्स के लिए उपलब्ध एग्जिट पाथवेज के संबंध में उचित रूप से सूचित किया गया है। इसमें अप्रेंटिसशिप अधिनियम, 1961 के तहत अप्रेंटिस प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों के साथ-साथ पावरग्रिड की कौशल विकास पहल के अंतर्गत पावर ट्रांसमिशन लाइन टावर इरेक्शन एवं स्ट्रिंगिंग के क्षेत्र में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले उम्मीदवार भी शामिल हैं।

31 जुलाई 2026 तक, पावरग्रिड ने 292 सब-स्टेशनों, 1,86,889 सर्किट किलोमीटर से अधिक पारेषण लाइनों तथा 6,37,016 एमवीए की ट्रांसफॉर्मेशन क्षमता को कमीशन कर परिचालन में रखा है। नवीनतम तकनीकी उपकरणों एवं तकनीकों को अपनाने तथा स्वचालन एवं डिजिटल समाधानों के बढ़ते उपयोग के माध्यम से पावरग्रिड ने 99.84% से अधिक की औसत पारेषण प्रणाली उपलब्धता बनाए रखी है।

***जारीकर्ता***
***टीम कॉर्पोरेट संचार***
***powergrid.pr@powergrid.in***